# अपना बना लो श्याम | By Krishan Bhatt

जन्नत सी सजी नगरी चमक रहा दरबार
बुलाता है हमें फिर वो श्याम तेरा ही प्यार
अपना बना लो मुझे श्याम सेवक बना लो मुझे

अन्जान है वो नादान है वो तेरे प्यार को जो ना समझ पाया
दिल ने जब भी बेचैन किया मैं तेरे दर पे चला आया
तेरा दर्शन तेरी पूजा मेरे दिल में मेरा घर है
जरा देखें कोई इसको ये जन्नत से भी सुंदर है
बिना तेरे नहीं रहना नहीं रहना मेरे श्याम

इक पल के लिए इक दिन के लिए ना भूल मैं तुमको पाऊंगा
तेरी खाटू की इन गलियों में अपना जीवन मैं बिताऊंगा
तुझे देखूं तुझे चाहू तेरी भक्ति में खो जाऊं
यही मेरी तमन्ना है तेरी गोदी में सो जाऊं
नहीं रहना नहीं रहना तेरे बिन मेरे श्याम

दुनिया से जो भी हारा है वो तेरे दर पे आया है
उसको तूने ऐ सांवरिया अपने गले से लगाया है
मिली खुशियां उसे हर पल श्याम तेरे ही सिमरन से
तेरी कृपा तेरी रहमत रहे सोनू के जीवन में
आता रहे आता रहे हर ग्यारस तेरे द्वार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%85%e0%a4%aa%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-krishan-bhatt/